बक्सर Top News
An Unit of Hindi Top News

कैस्ट्रॉल और टीवीएस के नकली इंजन आयल कारोबार का खुलासा, माल बरामद, दो गिरफ्तार

बक्सर टॉप न्यूज़, बक्सर : इंजन ऑयल कंपनी की शिकायत पर मुफस्सिल थाने की पुलिस ने छापेमारी कर चौसा स्टेशन के समीप एक दुकान से नकली इंजन ऑयल, रैपर, डिब्बे आदि को बरामद किया है तथा इस मामले में कुल दो लोगों को गिरफ्तार किया है. ये लोग काफी समय से ब्रांडेड इंजन आयल के नाम पर नकली इंजन आयल का निर्माण कर बाजार में बेच रहे थे. गुप्त सूचना के आधार पर इंजन आयल कंपनी के लोग बक्सर के चौसा पहुंचे और उन्होंने जब सूचना को सत्य पाया तो पुलिस से इस बात की शिकायत की जिसके बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की है.

इस बाबत मिली जानकारी के मुताबिक चौसा रेलवे स्टेशन पर कैस्ट्रोल व टीवीएस कम्पनी का नकली इंजिन आयल बनाने का यह धंधा काफी दिनों से चल रहा था. इसकी शिकायत निर्माण कम्पनी को मिली. सूचना के बाद कम्पनी के आपरेशन मैनेजर धीरज कुमार को जांच के लिए भेजा गया. उन्होंने चौसा पहुंचकर रेकी की और मामला सत्य पाया इसके बाद कंपनी के निर्देश पर पुलिस को सूचना दी गई और पुलिस की छापेमारी में पुलिस ने ब्रांडेड कम्पनी के 300 लीटर नकली इंजन आयल, नकली रैपर, बारकोड, पैकिंग करने का डब्बा आदि बरामद किया.

इस मामले में संलिप्त दुकानदार यूपी के गहमर थाना के बारा गांव निवासी इजहार कुरैशी के पुत्र महताब कुरैशी व बक्सर बस स्टैंड स्थित हनुमान नगर निवासी लालबाबू सिंह के पुत्र पप्पू कुमार को गिरफ्तार किया गया. जहा

थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि कम्पनी के एक अधिकारी द्वारा शिकायत की गई थी जिस पर स्टेशन मार्ग में छापामारी कर दो बड़े गैलन में कच्चे तेल, 200 पैक डिब्बे में कैस्ट्रोल वे टीवीएस कम्पनी के इंजन ऑयल, सैकड़ों रैपड़ व बार कोड, पैकिंग डिब्बा आदि समान जब्त किया गया. मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। महताब कुरैशी किराये के मकान में इंजिन आयल बनाता था जबकि, पप्पू रैपर, डिब्बे आदि समान उपलब्ध कराता था. कागजी कार्रवाई पूरी कर दोनों को जेल भेज दिया गया.

Source: https://news.buxartopnews.com/2024/07/fake-product-of-castrol-engine-oil.html